आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.05.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने पर लगातार कार्य कर रही है सरकार।
- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण का चुनाव कल– सभी तैयारियां पूरी।
- पंचायत चुनावों में कांग्रेस और भाजपा ने किए अपनी–अपनी जीत के दावे।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– पंचायतीराज चुनाव को सत्ता का सेमीफाइनल कहना पूरी तरह गलत।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी– ऊना में पारा 44 डिग्री के पार– कल वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।

<u>सुक्खू</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री आज शिमला ज़िला के नेरवा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विद्यार्थियों के सवालों के जवाब में कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे ताकि गांवों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं लेकिन विधायक बनने की परीक्षा के लिए कोई तैयारी नहीं करवाता।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भविष्य में बादल फटने की घटनाएं केवल हिमाचल तक सीमित नहीं रहेंगी बल्कि उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्य में इन घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ये खुलासा केन्द्र सरकार द्वारा करवाए गए एक अध्ययन में हुआ है। मुख्यमंत्री शिमला में नगर निगम के पूर्व उपमहापौर टिकेन्द्र पंवर द्वारा सम्पादित पुस्तक "सिटी लिमिट्स–द क्राइसिज़ ऑफ अर्बनाइजेशन" के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए विकास को आगे बढ़ा रही है।

<u>दूसरा चरण</u>

प्रदेश में कल 28 मई को पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और सरपंचों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती 31 मई को होगी। 31 मई को ही प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी होगी। पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण के चुनाव के लिए कल एक हज़ार 2 सौ 74 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे और आखिरी चरण में 30 मई को एक हज़ार एक सौ 87 पंचायतों में मतदान होगा। इस बीच कल होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज उम्मीदवारों ने भीषण गर्मी के बावजूद

राज्य के विभिन्न हिस्सों में घर–घर जाकर वोट मांगे और अपनी जीत पक्की करने का प्रयास किया।

पंचायत चुनाव/जयराम

प्रदेश में बीते रोज हुए पंचायतराज संस्थाओं के चुनाव के पहले चरण के नतीजे घोषित होने के बाद अब प्रदेश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस अपनी–अपनी जीत के दावे करने में जुट गए है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज मंडी में दावा किया कि पंचायत चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है जबकि कांग्रेस की करारी हार हुई है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि पंचायत चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की लगभग 75 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान, उपप्रधान और सरपंच चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने अब इस सच्चाई को अच्छी तरह से समझ लिया है कि यदि गांव और क्षेत्र का वास्तविक विकास करना है तो भाजपा के साथ ही आगे बढ़ना होगा। जयराम ठाकुर ने भाजपा को जनादेश देने के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया।

कांग्रेस

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में राज्य की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में जनादेश दिया है। विनय कुमार ने ये भी कहा कि प्रदेश के लोगों ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों के चलते जिस तरह से पंचायत चुनाव में कांग्रेस को समर्थन मिला है उसी तरह अगले साल विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस फिर से जीत कर सत्ता में लौटेगी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को विधानसभा या लोकसभा की तरह सत्ता का सेमीफाइनल बताना पूरी तरह गलत है। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पंचायत चुनाव व्यक्तिगत क्षमता, स्थानीय जनसमर्थन और उम्मीदवारों की मेहनत के आधार पर लड़े और जीत जाते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पंचायत चुनावों के अभी दो चरण होने बाकी है और पूरी तस्वीर सामने आने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

जनगणना

प्रदेश में एक जून से 15 जून तक हर व्यक्ति अपनी और अपने परिवार की गणना स्वयं कर सकेगा। स्व–जनगणना के लिए डिजिटल तकनीक का सहारा लिया जाएगा। राज्य जनगणना कार्य निदेशालय के अनुसार स्व–जनगणना से जनगणना का काम तेजी से और पारदर्शी ढंग से हो सकेगा। स्व–जनगणना में डिजिटल तकनीक के प्रयोग से प्रदेशवासियों को अपनी गणना और जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी, इसके बाद उन्हें स्व–जनगणना आईडी नम्बर मिलेगा। ये नम्बर जनगणना कर्मी के घर–घर सर्वेक्षण करने के दौरान उन्हें बताना होगा। ऐसा करने से स्व–जनगणना के दौरान पोर्टल पर अपलोड की गई जानकारी स्वतः ही जनगणना कर्मी के मोबाईल एप्प में प्रदर्शित हो जाएगी और इसकी पुष्टि भी हो जाएगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि धर्मशाला में आयोजित आईपीएल मुकाबलों ने हिमाचल खासकर धर्मशाला, कांगड़ा, मैक्लोड़गंज, पालमपुर और आसपास के क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा प्रोत्साहन दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने छोटे पहाड़ी राज्य हिमाचल में क्रिकेट को नई पहचान देने के साथ–साथ खेल पर्यटन को भी नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल प्रदेश की आर्थिकी को बल मिलता है बल्कि राज्य की संस्कृति के प्रचार–प्रसार को भी बढ़ावा मिलता है।

<u>सिकंदर कुमार</u>

राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इस मौके पर प्रौफेसर धूमल को मोदी युग में भारत का सशक्तिकरण नामक पुस्तक भी भेंट की। सिकंदर कुमार ने इस मौके पर कहा कि प्रौफेसर धूमल का राजनीतिक जीवन संगठन, सुशासन और जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण रहा है। सिकंदर कुमार ने कि प्रदेश के विकास, भाजपा संगठन के विस्तार और आमजन के हितों की रक्षा में प्रौफेसर धूमल का योगदान सदैव स्मर्णीय रहेगा। इस मौके पर संगरोह पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी प्रौफेसर धूमल से शिष्टाचार भेंट की।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। खासकर राज्य के मैदानी ज़िलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सिरमौर, सोलन और मंडी में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऊना ज़िला में तापमान के 44 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच जाने के चलते छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से हल्के रंग के कपड़े पहनने, शरीर में पानी की कमी न होने देने और 12 से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से न निकलने की सलाह दी है। सिरमौर से हमारे संवाददाता सतीश शर्मा के मुताबिक हीटवेव से अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अत्याधिक गर्मी के कारण राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाजारों से रौनक गायब हो गई है। हालांकि शिमला, मनाली और डलहौजी जैसे शहरों में गर्मी से बचने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 28 मई से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 28 मई को राज्य के पांच ज़िलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में ओलावृष्टि, अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।